AADHAAR

AMAR UJALA, Chandigarh, 4.8.2018

Page No. 1, Size:(13.24)cms X (8.02)cms.

मोबाइल फोन में आधार के टोल फ्री नंबर पर दिन भर मचे बवंडर के बाद गूगल ने मांगी माफी

नई दिल्ली। स्मार्ट फोन में डिफॉल्ट नंबर के तौर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) का टोल फ्री नंबर दर्ज होने से शुक्रवार को सोशल मीडिया पर दिनभर मचे बवंडर के बाद सारी गलती गूगल की निकली। दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों में शुमार गूगल ने इसके लिए माफी मांगी। कहा, अनजाने में यूआईडीएआई के पुराने टोलफ्री नंबर 18003001947 समेत 112 अन्य हेल्पलाइन नंबर एंड्रॉयड फोन के 'सेटअप विजार्ड' में दर्ज हो गए थे। बता दें कि गूगल ही मोबाइल फोन के लिए एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम बनाती है। इससे पहले शुक्रवार सुबह यूआईडीएआई को भी स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था। ब्यूरो

घबराने की जरूरत नहीं...

यदि आपके फोन में भी यूआईडीएआई का टोल फ्री नंबर दिख रहा है तो घबराने की जरूरत नहीं है। ये हैकिंग के कारण नहीं, बल्कि फोनबुक के गूगल अकाउंट से लिंक होने के कारण हो सकता है।